आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 12.03.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- उत्तराखंड सरकार ने मधुमक्खी पालन योजना के तहत पर–परागण के लिए दी जाने वाली राज सहायता को 350 रुपए से बढ़ाकर 750 रुपए प्रति मौनबॉक्स किया।
- आगामी त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त ने जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा– भारतीय भाषा पुस्तक योजना के तहत सभी 22 अनुसूचित भाषाओं और अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तकों का डिजिटलीकरण किया जाएगा।
- गढ़वाल और कुमाऊं में इन दिनों होली महोत्सव की धूम, होल्यारों के जोशीले दलों से माहौल हुआ होलीमय।

**आत्मनिर्भर किसान**

उत्तराखंड सरकार ने मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब मधुमक्खी पालन योजना के तहत पर–परागण के लिए दी जाने वाली राज सहायता को 350 रुपए प्रति मौनबॉक्स से बढ़ाकर 750 रुपए प्रति मौनबॉक्स कर दिया गया है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने इस फैसले के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है।

कृषि मंत्री ने कहा कि मधुमक्खी पालन केवल शहद उत्पादन का जरिया नहीं है, बल्कि यह फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाता है। विशेष रूप से सेब और लीची जैसी फसलों में मधुमक्खियों की उपस्थिति से बेहतर पर–परागण होता है, जिससे अधिक पैदावार मिलती है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने और राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में मील का पत्थर साबित होगी।

इस योजना से किसानों को शहद, मोम और अन्य मधु उत्पादों से अतिरिक्त आमदनी होगी, साथ ही भूमिहीन नवयुवकों और बेरोजगारों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर खुलेंगे। कृषि क्षेत्र में सुधार के साथ–साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी यह कदम सहायक होगा।

**समीक्षा**

उत्तराखंड में आगामी त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान पंचायत निर्वाचक नामावली–2025 के विशेष अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें 1 मार्च से 22 मार्च तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और विलोपन का कार्य किया जा रहा है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में निर्वाचक नामावली का प्रदर्शन किया जाए, जिससे सभी पात्र मतदाता अपने नाम दर्ज करा सकें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारियों ने जिला स्तर पर अभियान की प्रगति की जानकारी दी। चमोली, टिहरी गढ़वाल और ऊधमसिंहनगर के अधिकारियों को मतदाता सूची में पाई गई त्रुटियों को गंभीरता से लेते हुए पुनः परीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मतदान केंद्रों, मतपेटिकाओं और निर्वाचन सामग्री की तैयारियों की भी समीक्षा की गई, जिससे चुनाव प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी तरीके से संपन्न किया जा सके।

## पाठ्यपुस्तक डिजटलीकरण

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि इस वर्ष के केंद्रीय बजट में भारतीय भाषा पुस्तक योजना के कार्यान्वयन के लिए प्रावधान के अंतर्गत अंग्रेजी सहित सभी 22 अनुसूचित भाषाओं की पाठ्यपुस्तकों का डिजिटलीकरण किया जाएगा। श्री प्रधान ने आज राज्यसभा में शिक्षा मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भारतीयता नरेन्द्र मोदी सरकार की नीति का एक महत्वपूर्ण घटक है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कोई भी भाषा थोपी नहीं गई है और बहुभाषावाद समय की मांग है।

श्री प्रधान ने बताया कि वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से शिक्षा क्षेत्र के लिए बजटीय आवंटन में लगातार वृद्धि की जा रही है। उन्होंने बताया कि कि इस वर्ष केंद्रीय बजट में शिक्षा के लिए एक लाख 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में छह दशमलव दो–दो प्रतिशत अधिक है।

## होली मिलन समारोह

गढ़वाल के मंडल मुख्यालय पौड़ी में नगरपालिका परिषद, व्यापार सभा, रामलीला समिति और संस्कृतिकर्मियों के संयुक्त तत्वावधान में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सतपुली से आए होलियारों ने पारंपरिक होली गायन की शानदार प्रस्तुति दी, जिससे पूरा माहौल उल्लासमय हो गया। रामलीला मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद होलियारों ने बाजार और शहर के मुख्य मार्गों पर पारंपरिक होली गायन करते हुए नगरवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं।

नगरपालिका परिषद पौड़ी की अध्यक्ष हिमानी नेगी ने कहा कि इस तरह के आयोजन लोक परंपराओं को संरक्षित करने और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने के लिए किए जाते हैं।

## होली महोत्सव

उधर, अल्मोड़ा के ऐतिहासिक मल्ला महल में आयोजित तीन दिवसीय नशा मुक्त होली महोत्सव में कुमाऊं की सांस्कृतिक विरासत के विविध रंग देखने को मिले। महोत्सव में बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत और पिथौरागढ़ के होली गायकों के साथ ही उधम सिंह नगर के खटीमा से आए थारू समाज के होली गायकों ने अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियों से माहौल को संगीतमय बना दिया। विशेष रूप से पुरुषों की सामूहिक खड़ी होली, पाटी चंपावत की खड़ी होली और खटीमा की थारू होली को दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सभी को नशा मुक्त उत्तराखंड की शपथ दिलाई।

जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने होली महोत्सव में प्रतिभाग करने वाली सभी टीमों की सराहना करते हुए कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य कुमाऊं के पारंपरिक होली गायन को बढ़ावा देना, पर्यटन को प्रोत्साहित करना और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती देना है।

महोत्सव में पहली बार मंच पर प्रस्तुति देने वाले पिथौरागढ़ के होलियार हेम पंत ने इसे एक शानदार अनुभव बताया।

होली महोत्सव में स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––**

पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक की ख़बर सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। अमर उजाला की लिखता है– पाकिस्तान में ट्रेन पर हमला, 214 यात्री बंधक, 30 सैनिकों की हत्या। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ली जिम्मेदारी : राजनीतिक बंदियों की बंधकों के साथ अदला–बदली के लिये अड़तालीस घंटे का अल्टीमेटर, ट्रेन में थे पांच सौ यात्री।

राज्य में नई हेली सेवाओं की शुरूआत से संबंधित समाचार भी सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। दैनिक जागरण की ख़बर है– नैनीताल, बागेश्वर व मसूरी के लिये हेली सेवांए शुरू, सातों दिन होंगी संचालित।
उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने एलटी शिक्षकों के अंतर मंडल तबादले की एसओपी स्थगित कर दी है। हिंदुस्तान समाचार पत्र के अनुसार न्यायालय ने राज्य सरकार से इस संबंध में चार सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा है।
एलिवेटड कॉरिडोर परियोजना को धरातल पर उतारने में जुटा प्रशासन। इस शीर्षक के साथ राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र लिखता है– रिस्पना और बिंदाल पर बनेगा चार लेने एलिवेटेड कॉरिडोर, नदियों के दोनो तटों पर बाढ़ सुरक्षा को बनेगी रिटेनिंग वॉल।
देहरादून में खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन ने तीन क्विंटल पनीर और नब्बे किलो मावा नष्ट किया। दैनिक जागरण समाचार पत्र के अनुसार कुठालगेट के पास निजी वाहन से पनीर और मावा ज़ब्त किया गया, इसका सैंपल लेकर जांच के लिये प्रयोगशाला भेज दिया गया है।